

नीलू प्रिंटिंग प्रेस
हर प्रकार की वेब ऑफसेट एक रंगीन या बहुरंगीन प्रिंटिंग के लिए नोयडा में एक मात्र स्थान
ई-33, सेक्टर-7 नोएडा (यूपी)
फोन नं. : 9811157562



फरीदाबाद हरियाणा का नंबर 1 समाचार पत्र

# भेदी नज़र

संस्थापक : स्वाधीनता सेनानी सुखवासी लाल शर्मा (ब्रह्मलीन)

ई-पेपर पढ़ने के लिए लॉगऑन करें - www.bhedinazar.com

दिल्ली, शनिवार 4 मई 2024

दिल्ली, हरियाणा, चड़ीगढ़, पंजाब, राजस्थान, बिहार, झारखंड, उत्तराखण्ड एवं उत्तर प्रदेश का प्रमुख हिन्दी दैनिक



MAHALAXMI
ELECRIC TRADING CO.
DEALSALL TYPES OF ELECTRIC MATERIALS
Tel- 011 - 23876984
Dinesh Sharma (Bhardwaj) 9871738488
Sachin Sharma (Bhardwaj) 9793620801
POLYCAB AMTL HAVELLS C&S
2225/Chaha Indara, Krishna MKT
Bhagirath Palace, Delhi -110001
mahalaxmielectradingoo@gmail.com
sachinsharma.sharma446@gmail.com



वर्ष : 23 अंक : 22 | Email : bhedinazardaily@gmail.com | RNI NO. DEL/HIN/2004/13528 | Postal REG. No. HR (FBD) -260/2023/25 | पृष्ठ : 12 मूल्य : 1 रुपये


## नहीं मिल रहा साथ, बंगाल पुलिस बाधा डाल रही मीलॉर्ड

### संदेशखाली केस में सीबीआई ने कलकत्ता हाईकोर्ट में की शिकायत

**कोलकाता (एजेंसी)।** संदेशखाली कांड को लेकर कलकत्ता हाई कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार से मामले की जांच कर रही केंद्रीय जांच ब्यूरो



(सीबीआई) के साथ सहयोग करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में केंद्रीय जांच एजेंसी को सहयोग करने के लिए राज्य सरकार अधिक पुलिस बल को भेजे।

अदालत की निगरानी में हो रही जांच पर सीबीआई की अंतरिम रिपोर्ट पर हुई सुनवाई में शामिल वकीलों ने यह बात बताई। मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की खंडपीठ ने सीबीआई से शाहजहां शेख पर आरोप लगाने वाली महिलाओं के बीच विश्वास पैदा करने और महिला अधिकारियों को संदेशखली भेजने के लिए भी कहा। बता दें सीबीआई ने अदालत के सामने उल्लेख किया कि वह जमीन हड़पने की शिकायतों की ठीक से जांच नहीं कर पा रही है, क्योंकि राज्य के अधिकारी सहयोग नहीं कर रहे हैं। अदालत ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को भी संदेशखाली मामले में एक पक्ष बनने की अनुमति दी। बता दें राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने ही घटनास्थल पर जांच टीमें भेजी थीं।

## दौसा में महिला का रेप-मर्डर, 4 दिन बाद आरोपी का घर फूंका

- 6 महीने की प्रेग्नेंट थी पीड़िता, आगजनी-हमले से पहले हुई मीटिंग

**दौसा (एजेंसी)।** प्रेग्नेंट महिला से रेप और उसकी हत्या के आरोपी के घर को पूरे गांव ने जलाकर फूंक दिया। गुस्साए लोगों ने आरोपी के रिश्तेदारों के घर भी जमकर तोड़फोड़ की। इससे पहले ग्रामीणों ने मीटिंग कर हमले का फैसला किया। उन्होंने मौके पर पहुंची पुलिस पर भी जमकर पथराव किया। घटना दौसा के मेहंदीपुर बालाजी के नांदरी गांव में गुरुवार रात 10 बजे की है। इस पूरे घटनाक्रम में आगजनी करने वाले तीन लोग भी झुलस गए हैं। जिन्हें हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया है। बताया जा रहा है कि रेप और मर्डर से गुस्साए पीड़ित पक्ष के लोगों ने गुरुवार को मीटिंग की। इसके बाद ग्रामीणों ने आरोपी के घर सहित चार घरों पर हमला कर दिया। इसमें से एक घर में आग लगा दी और बाकी घरों में जमकर तोड़फोड़ की है। हालांकि, हमलावरों के आने से पहले चारों घरों के लोग मौके से भाग गए थे। घटना की जानकारी मिलते ही मानपुर और सिकंदरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन उन पर भी पथराव किया गया। इसमें कई पुलिसकर्मियों को चोटें आई हैं। पुलिस की गाड़ियों को भी नुकसान पहुंचा है। रातभर से गांव में बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात है।

### छत्तीसगढ़ शराब घोटाला केस में ईडी की बड़ी कार्रवाई

## पूर्व आईएएस समेत अन्य की 205 करोड़ रुपए की संपत्तियां अटैच

**रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग (धनशोधन) मामले में ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने छत्तीसगढ़ के पूर्व




आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा, रायपुर के महापौर के भाई और कुछ अन्य लोगों की 205 करोड़ रुपए की सम्पत्तियां कुर्क कर ली हैं। ईडी की तरफ से जारी एक बयान में बताया गया कि कुर्क की गई संपत्तियों में टुटेजा की 15.82 करोड़ रु की 14 संपत्तियां, रायपुर के मेयर और कांग्रेस नेता ऐजाज ढेबर के बड़े भाई अनवर ढेबर की 116.16 करोड़ रु की 115 संपत्तियां, विकास अग्रवाल उर्फ सुब्बू की 1.54 करोड़ रुपए की और अरविंद सिंह से जुड़ी 12.99 करोड़ रुपए की 33 संपत्तियां शामिल हैं। इनके अलावा भारतीय दूरसंचार सेवा के अधिकारी और एक्साइज विभाग के विशेष सचिव अरुणपति त्रिपाठी की 1.35 करोड़ रु की संपत्ति, त्रिलोक सिंह ढिल्लन की 28.13 करोड़ रु की नौ संपत्तियां, नवीन केडिया के 27.96 करोड़ रु के आभूषण और आशीष सौरभ केडिया/दिशिता वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड की 1.2 करोड़ रु की चल संपत्तियां को कुर्क किया गया है। ईडी ने बताया कि अनवर ढेबर कुर्क की गई सम्पत्तियों में रायपुर स्थित होटल वेनिंग्टन कोर्ट भी शामिल है।

## पंजाब में एसएडी ने एएपी-कांग्रेस पर लगाया मिलीभगत के आरोप

**अमृतसर (एजेंसी)।** पंजाब में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी अलग-अलग चुनाव लड़ रही है लेकिन अकाली दल ने उनके चुनाव लड़ने के तरीके पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अकाली दल ने आरोप लगाया है कि एएपी व कांग्रेस पंजाब में मिलीभगत के साथ चुनाव लड़ रहे हैं। उनका आरोप है कि इंडिया गठजोड़ पंजाब में भी चल रहा है, सिर्फ पंजाबियों को बेवकूफ बनाया जा रहा है। अकाली दल की तरफ से सोशल मीडिया पर पोस्ट डालते हुए लिखा- पंजाबियों को मूर्ख बना कर, आम आदमी और कांग्रेस पार्टी की आपसी मिलीभगत के साथ पक रही खिचड़ी का सारे लोगों को पता लग चुका है। जितनी मर्जी फिक्सिंग कर लो, पंजाबी आपके झांसे में नहीं आने वाले। अकाली दल ने आरोप लगाया कि 10 स्ट्रांग कैंडीडेट्स उतारे हैं।

## महाराष्ट्र में बाल-बाल बचीं उद्धव गुट की प्रमुख नेता

- लैंडिंग के वक्त क्रैश हुआ हेलीकॉप्टर

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र में तीसरे चरण के चुनाव प्रचार के बीच डरा देने वाली घटना सामने आई है। हेलीकॉप्टर क्रैश में उद्धव ठाकरे गुट की नेता सुषमा अंधारे बाल-बाल बचीं। राज्य में रायगढ़ जिले के महाड में शिवसेना (उद्धव बालासाहब ठाकरे) की नेता सुषमा अंधारे को लेने पहुंचा हेलीकॉप्टर लैंडिंग के वक्त क्रैश हो गया। अंधारे को इसी हेलीकॉप्टर में सवार होकर दूसरे स्थान के लिए रवाना होना था। शिवसेना यूबीटी नेता ने हेलीकॉप्टर की लैडिंग के वीडियो को फेसबुक पर साझा करके घटना की जानकारी दी है। सुषमा अंधारे की गिनती शिवसेना (यूबीटी) के फायरब्रांड नेताओं में होती है। जानकारी के अनुसार सुषमा अंधारे की दो मई को रायगढ़ के महाड में सभा थी। अंधारे को हेलीकॉप्टर से दूसरी जगह पर जाना था। इसके लिए हेलीकॉप्टर उन्हें लेने के लिए पहुंचा था। इस घटना के होने के बाद अंधारे को फिर महाड में ही रुकना पड़ा। इस घटना के वीडियो को लाइव रिकॉर्ड किया गया है। रायगढ़ में तीसरे चरण के तहत 7 मई को वोट डाले जाएंगे।

## शक्सगाम घाटी में चीन की नापाक हरकत

- बना डाली सड़क, भारत सरकार ने भी उठाया बड़ा कदम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू और कश्मीर की शक्सगाम घाटी में चीन की नापाक हरकत सामने आई है। ताजा सैटेलाइट तस्वीरों से पता चला है कि चीन दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र के करीब पक्की सड़क बना रहा है। दरअसल चीन सियाचिन कॉरिडोर के करीब अवैध रूप से कब्जे वाले कश्मीर में कंक्रीट सड़क का निर्माण कर रहा है। अब इसको लेकर भारत ने बड़ा कदम उठाया है। भारत ने जमीन पर स्थिति को बदलने के अवैध प्रयास के तहत शक्सगाम घाटी में निर्माण गतिविधियों को अंजाम देने को लेकर चीन के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया है। विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बृहस्पतिवार को कहा कि शक्सगाम घाटी भारत का हिस्सा है और नई दिल्ली ने 1963 के तथाकथित चीन-पाकिस्तान सीमा समझौते को कभी स्वीकार नहीं किया।


CHIEF ELECTORAL OFFICER, HARYANA
चुनाव का पर्व
DESH KA GARV
LOK SABHA ELECTION 2024
जागरूक नागरिक का REACTION
100 मिनट में ACTION
cVIGIL




नागरिकों की सजगता और सहयोग की आवश्यकता है
आचार संहिता उल्लंघन से सम्बन्धित शिकायतों का निपटान 100 मिनट के भीतर
नागरिक चाहें तो अपना नाम दें अथवा गुप्त रखें
मतदान की तिथि
25 मई, 2024
मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा
30 बेज़ बिल्डिंग, सेक्टर – 17, चण्डीगढ़
e-Mail: ceo_haryana@eci.gov.in I Website: www.ceoharyana.gov.in
1950
Voter Helpline
cVIGIL डाउनलोड करने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें
Google Play
App Store
सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana






TARUN JEWELLERS
TODAY BIS HALLMARK
92% Gold Rate | 76% Gold Rate
₹67,500/- | ₹55,790/-
Making Charges 8% | 100% BUY BACK + EXCHANGE
Shop No. 25, Sec-7, Huda Mkt, FBD
0129-3668332, 9990032657



देव मैडिकेयर
कैमिस्ट एण्ड कौस्मैटिक
10 प्रतिशत छूट सभी दवाईयों पर | फ्री होम डिलेवरी *




ALL KINDS OF
- MEDICINES
- COSMETICS
- AYURVEDIC MEDICINES
- INSULIN, GLUCOMETER, STRIPS
- B.P.MONITOR, NEBULIZER, SURGICAL GOODS, STRICLS, WHEEL CHAIR, WALKER, ETC

रविवार को दुकान दोपहर 3 बजे तक खुलती है।
आपकी अपनी दुकान
दुकान नं. 260, हुडा मार्किट, सैक्टर-7, फरीदाबाद
आशीष सिंह: 9650518651